JEE मेन में गुड़गांव के अमोघ 99.99 पर्सेंटाइल लेकर हरियाणा में टॉपर

सुपर-100 के स्टूडेंट्स ने भी किया बेहतर प्रदर्शन, अब एडवांस लेवल की चल रही तैयारी

■ NBT न्यूज, गुड़गांव

जेईई (Joint Entrance Examination) मेन के पहले सेशन का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। इसमें जिले के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। गुड़गांव के अमोघ बंसल ने 99.99 पर्सेंटाइल लेकर हरियाणा में टॉप किया। सुपर-100 के तहत जेईई और नीट की तैयारी कर रहे गुड़गांव के रोहित को 99.43 पर्सेंटाइल प्राप्त हुए। इसके अलावा कौशतव ने 99.83, प्रणव गुप्ता ने 99.68, अर्जुन ने 99.2, रिषभ ने 98.89, काश्वी ने 98.06, जयवर्धन ने 97.99, आदित्य ने 97.76, सिद्धार्थ ने 97.55, खुशी ने 97.4 और नवंश ने 96.26 पर्सेंटाइल पाए। जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन ने बताया कि कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के सुपर-100 के स्टूडेंट्स ने परीक्षा में बेहतर अंक पाए हैं। इससे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि हमेशा मेहनत के साथ आगे बढ़ें।

छात्रों के पास अपना स्कोर सुधारने के लिए दूसरे सेशन में एक और मौका है, जिसके बाद रैंक जारी की जाएगी। जेईई-मेन रिजल्ट के आधार पर करीब टॉप 2.5 लाख से ज्यादा उम्मीदवार जेईई एडवांस परीक्षा के लिए पात्र होंगे, जो 23 IIT में एडमिशन के लिए होने वाली वन-स्टॉप परीक्षा होती है।

अमोघ बंसल अपने परिवार के साथ

सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी

गुड़गांव के अमोघ ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाई और उसके बाद जेईई की तैयारी की। रोज 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई की। माता-पिता का सपोर्ट मिला है। अभी एडवांस लेवल की तैयारी चल रही है। कक्षा दस मे अमोघ ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।

अपनी मां के साथ रोहित

टीचर्स के बताए अनुसार की पढ़ाई

गुड़गांव के रोहित ने बताया कि टीचर्स के बताए अनुसार परीक्षा की तैयारी की थी। तैयारी को लेकर टाइम टेबल बनाया और उसी के हिसाब से घंटो को महत्व न देकर स्टडी मटेरियल पर अधिक फोकस किया। अपने आपको स्ट्रेस फ्री रखने के लिए पढ़ाई के बीच-बीच मे ब्रेक भी लिए।

फरीदाबाद के छात्रों का भी बेहतर प्रदर्शन

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : एग्जाम मे फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के छात्रो ने शानदार प्रदर्शन किया है। तनीष ने 99.81 परसेंटाइल, सुफता परवीन ने 99.35 परसेंटाइल और विवेक ने 99.19 परसेंटाइल हासिल कर देशभर मे जिले का नाम रोशन किया है। इनके अलावा होडल से भी छात्रो ने अच्छा प्रदर्शन किया है। ये सभी सुपर 100 के स्टूडेंट्स है। इन स्टूडेंट्स यह रैंक लाकर साबित कर दिया है कि मन मे कुछ हासिल करने की सोच हो तो मेहनत की जरूरत होती है।